# सामाजिक विज्ञान - 2012

**समय : 3 घण्टे ]** **कक्षा : 10वीं** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश-** **( i ) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। ( ii ) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( iii ) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है- खण्ड-अ और खण्ड-ब। ( iv ) खण्ड-अ में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। कुल अंक 5 × 5 = 25 हैं। इन प्रश्नो के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका के प्रश्न पृष्ठ पर ही लिखिए। ( v ) प्रश्न क्रमांक 6 से 21 तक खण्ड-ब के प्रश्न हैं जिनमें आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं। ( vi ) प्रश्न क्रमांक 13 का उत्तर दिये गये निर्देशानुसार भारत के रेखा-मानचित्र पर दर्शाइये। मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए। ( vii ) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।**

## खण्ड - अ ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

प्रश्न 1. सही जोड़ी बनाइए- 1 × 5 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) काली मिट्टी | (1) कपडा उद्योग |
| (ब) नीली क्रान्ति | (2) मुम्बई |
| (स) गुजरात | (3) 1600 |
| (द) शान्ताक्रुज | (4) मछली |
| (इ) ईस्ट इण्डिया कम्पनी | (5) महाराष्ट्र |

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1 × 5 = 5

(अ) बंगाल विभाजन का विरोध लोगों ने सड़कों पर .......... गीत गाते हुये प्रदर्शन किया।

(ब) 9 अगस्त, 1925 को क्रान्तिकारियों ने लखनऊ के निकट ......... नामक स्थान पर गाड़ी रोककर सरकारी खजाना लूट लिया था।

(स) संसदीय शासन प्रणाली में राष्ट्रपति ............. का शासक होता है।

(द) संसद् के दो सदन हैं.......... और ........ ।

(इ) जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में भारत का स्थान .......... है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए- 1 × 5 = 5

(अ) लैटिन भाषा में मुद्रा को कहते थे-
 (i) मोनेटा (ii) जूनो
 (iii) पैक्यूनिया (iv) पैकस

(ब) प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि है-
 (i) गन्ने से शक्कर बनाना (ii) मकान निर्माण
 (iii) बैंकिंग (iv) मछली पकड़ना

(स) वन संसाधन की प्रमुख समस्या है-
 (i) मछली पालन (ii) रेगिस्तान का विस्तार
 (iii) वनों में लगने वाली आग (iv) आदिवासी गतिविधियाँ

(द) मानवजनित आपदा है-

(i) सूखा (ii) बाढ़

(iii) भूस्खलन (iv) सड़क दुर्घटना

(इ) बंगाल विभाजन किसने किया?

(i) लॉर्ड कर्जन (ii) लॉर्ड रिपन

(iii) विलियम बैंटिक (iv) महारानी विक्टोरिया

प्रश्न 4. निम्नलिखित में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द/एक वाक्य में लिखिए-

(अ) 'श्वेतक्रान्ति' की शुरुआत किस राज्य से हुई है ? 1 × 5 = 5

(ब) क्रिप्स मिशन भारत कब आया?

(स) राज्यपाल को पद की शपथ कौन दिलाता है?

(द) भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?

(इ) राज्यसभा सदस्य के निर्वाचन के लिये न्यूनतम आयु कितनी है?

प्रश्न 5. सत्य/असत्य लिखिए- 1 × 5 = 5

(अ) चरणपादुका गोलीकांड को मध्य प्रदेश का जलियांवाला बाग के नाम से भी जाना जाता है।

(ब) जनसंख्या विस्फोट से संसाधनों की कमी हो जाती है।

(स) विकसित देशों में अधिकांश जनसंख्या प्राथमिक क्षेत्र से जुड़ी रहती है।

(द) शिक्षक, डॉक्टर, वकील की सेवाएँ उत्पादन में प्रत्यक्ष रुप से योगदान देती हैं।

(इ) भारत में रेलवे प्रणाली का प्रारम्भ 1837 में हुआ।

## खण्ड - ब ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

प्रश्न 6. महाराष्ट्र में सूती वस्त्र उद्योग क्यों केन्द्रित है?

**( अथवा )** जल प्रदूषण को रोकने हेतु कोई चार उपाय लिखिए। 4

प्रश्न 7. किन्हीं चार संचार साधनो के बारे में लिखिए।

**( अथवा )** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले कौन-से कारक हैं? कोई चार लिखिए। 4

प्रश्न 8. सूखा आपदा से निबटने के लिये कोई चार उपाय लिखिए।

**( अथवा )** घर में आग से बचाव के कोई चार कारण लिखिए। 4

प्रश्न 9. 1875 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के उत्तरदायी चार कारण लिखिए।

**( अथवा )** भारत में बसने वाले अंग्रेजों ने इल्बर्ट बिल का विरोध क्यों किया? 4

प्रश्न 10. महाराजा हरीसिंह ने भारत सरकार से सहायता कब और क्यों माँगी थी?

**( अथवा )** भारत में आपातकाल की घोषणा कौन करता है तथा वह कितने प्रकार की होती है? 4

प्रश्न 11. लोकसभा अध्यक्ष के कोई चार कार्य लिखिए।

**( अथवा )** साधारण विधेयक और वित्त विधेयक में क्या अन्तर है? 4

प्रश्न 12. वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है तथा इसकी मुख्य समस्या क्या है? उसकी प्रमुख दो कठिनाईयों को उदाहरण सहित लिखिए।

**( अथवा )** ए.टी.एम. क्या है? इसके लाभ लिखिए। 4

प्रश्न 13. मौसम मानचित्र की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

**(अथवा)** भारत के प्राकृतिक मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये-

(अ) डिग्बोई(असम) (ब) आगरा से मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग

(स) अरब सागर (द) चेन्नई

(इ) रबर उत्पादक क्षेत्र

प्रश्न 14. अंग्रेजों की आर्थिक शोषण नीति ने भारतीय कुटीर उद्योग को किस प्रकार प्रभावित किया? अपने उत्तर को उदाहरण देकर समझाइए।

**(अथवा)** उग्रवाद के उदय के पाँच कारण लिखिए। 5

प्रश्न 15. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की घटना को लिखिए।

**(अथवा)** मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय चेतना जागृति हेतु प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों के नाम लिखिए। 5

प्रश्न 16. संसदीय शासन प्रणाली की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

**(अथवा)** इकहरी नागरिकता किसे कहते हैं? 5

प्रश्न 17. बेरोजगारी को दूर करने के पाँच उपाय लिखिए।

**(अथवा)** प्रजातन्त्र की सफलता में बाधक किन्हीं पाँच तत्वों को लिखिए। 5

प्रश्न 18. उपभोक्ता जागरुकता की आवश्यकता के किन्हीं पाँच बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।

**(अथवा)** उपभोक्ता शोषण के किन्हीं पाँच प्रकारों का वर्णन कीजिए। 5

प्रश्न 19. आर्थिक प्रणाली का अर्थ एंव चार विशेषताएँ लिखिए।

**(अथवा)** पूँजीवादी आर्थिक प्रणाली की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

प्रश्न 20. मरुस्थलीय मिट्टी की छः विशेषताएँ लिखिए। यह कहाँ पायी जाती है?

**(अथवा)** वनों से होने वाले छः प्रत्यक्ष लाभ लिखिए। 6

प्रश्न 21. सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के छः परिणाम लिखिए।

**(अथवा)** आण्विक शक्ति की पाँच उपयोगितायें एवं एक महत्व लिखिए। 6

**http://www.mpboardonline.com**

**Whatsapp @ 9300930012**

**Your old paper & get 10/-**

**पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,**

**Paytm or Google Pay से**